www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 18 जनवरी, 2020 | वर्ष-12 | अंक-277 | पृष्ठ-14 | मूल्य - 4.00 रुपए

12 नई दिल्ली, शनिवार, 18 जनवरी, 2020 SENSEX BSE 41,945.37 ▲ 12.81 NSE 12,352.35 ▼ 3.15 देशबन्धु

रियल एस्टेट कंपनी गौड़ ग्रुप करेगा 10 हजार करोड़ का निवेश

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर भारत की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी गौड़ ग्रुप ने अगले पांच वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपए निवेश करने और 50 हजार फ्लैटों को डिलीवर करने की योजना बनाई है।

कंपनी ने परिचालन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि करीब 25 वर्षों के सफर में ग्रुप ने अब तक 50,000 से अधिक यूनिटों को 5.5 करोड़ वर्ग फुट तक डिलीवर किया है तथा अब अगले पांच से सात वर्षों में और 50,000 यूनिटों को डिलीवर करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रुप अब तक मुख्य रूप से आवासीय पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। लेकिन ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ सिटी मॉल की सफलता के बाद कमर्शियल और रिटेल पर भी विशेष ध्यान देने की तैयारी कर रहा है। ग्रुप परिसंपत्ति निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करेगा और अगले 5 वर्षों में रिटेल व्यापार में 5,000 करोड़ रुपए की संपत्ति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।